# अमर उजाला

बरेली
सोमवार, 29 दिसंबर 2025
पौष शुक्ल नवमी
विक्रम संवत-2082

**PAGE NO : 04 TOP**


## बदला लेने के लिए आत्मा ने दोस्त के शरीर का लिया सहारा

### रिद्धिमा सभागार में नाटक बियांड द डेथ का किया गया मंचन

बरेली। स्टेडियम रोड स्थित रिद्धिमा सभागार में रविवार को नाटक बियांड द डेथ का मंचन किया गया। प्रेम और नफरत के ताने-बाने पर आधारित नाटक की कहानी में एक शख्स की आत्मा अपना बदला लेने के लिए दोस्त का शरीर मांगती है। फिर इसी आधार पर बढ़ती कहानी चिकित्सक और तांत्रिक तक पहुंचती है।

नाटक एक सड़क दुर्घटना से आरंभ होता है। इसमें तीन लोगों की मृत्यु हो जाती है। अगले दृश्य में एक लड़का हार्दिक और उसकी मां बात करते दिखते हैं, तभी फोन की घंटी बजती है। उधर से बोलने वाला खुद को हार्दिक का दोस्त अस्तित्व बताता है और उसे बुलाता है।

हार्दिक उससे मिलने जाता है। यहीं से कहानी में आत्मा का खेल शुरू हो जाता है। डॉ. शैलेन्द्र कुमार सिंह के लिखित इस नाटक का रूपांतरण डॉ. प्रभाकर गुप्ता व अश्वनी कुमार ने किया है। निर्देशन विनायक कुमार श्रीवास्तव का रहा।

नाटक में गौरव कार्की, सोनालिका सक्सेना, अंशिका सिंह, मानेश यादव, सोहम, प्रियांश, हर्ष यादव, चंपा उपाध्याय, ऋषिता सिंह, शिवम यादव, हिमांशु, विष्णु यादव, आद्या सिंह, रागिनी सिंह ने अभिनय किया है।



रिद्धिमा सभागार में नाटक का मंचन करते कलाकार। स्रोत : संस्था

इस मौके पर एसआरएमएस ट्रस्ट के संस्थापक देव मूर्ति, आशा मूर्ति, आदित्य मूर्ति, ऋचा मूर्ति व अन्य मौजूद रहे। संवाद